## कार्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन पर लेखापरीक्षकों का प्रमाण-पत्र- 2017-18:

प्रति:

बैंक ऑफ बड़ौदा के सदस्यगण,

हमने सेबी (सूचीयन दायित्व करार एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन 2015 के अंतर्गत बैंक द्वारा 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए कार्पोरेट गवर्नेंस संबंधी अनुपालन स्थिति की जांच की है.

कार्पोरेट गवर्नेंस संबंधी शर्तों का अनुपालन करना प्रबंधन का दायित्व है. हमारी जांच, कार्पोरेट गवर्नेंस संबंधी बाध्यताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु बैंक द्वारा अपनायी गई प्रक्रियाओं और कार्यान्वयन तक ही सीमित थी. यह न तो कोई लेखा-परीक्षा है और न ही बैंक की वित्तीय विवरणियों के बारे में हमारा अभिमत है.

हम अपनी राय तथा सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरण के आधार पर प्रमाणित करते हैं कि बैंक ने उपरोक्त सूचीबद्ध करार में विनिर्दिष्ट कार्पोरेट गवर्नेंस संबंधी बाध्यताओं का अनुपालन किया है.

हमारा यह भी अभिकथन है कि उक्त अनुपालन का अभिप्राय बैंक की भविष्य की सक्षमता के प्रति यह कोई आश्वासन नहीं है और न ही यह बैंक के कार्यपालकों के संचालन में प्रबंधन की कुशलता एवं प्रभावपूर्णता के बारे में आश्वासन है.

## Auditors' Certificate on Compliance of Conditions of Corporate Governance – 2017-18 :

To:

The Members of Bank of Baroda,

We have examined the compliance of conditions of Corporate Governance by Bank of Baroda, for the year ended 31st March 2018, as stipulated in SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

The compliance of conditions of Corporate Governance is the responsibility of management. Our examination was limited to procedures and implementation thereof, adopted by the Bank for ensuring the compliance of the conditions of the Corporate Governance. It is neither an audit nor an expression of opinion on the financial statements of the Bank.

In our opinion and to the best of our information and according to the explanations given to us, we certify that the Bank has complied with the conditions of Corporate Governance as stipulated in the above mentioned Listing Regulations.

We state that such compliance is neither an assurance as to the future viability of the Bank nor the efficiency or effectiveness with which the management has conducted the affairs of the Bank.

कृते **कल्याणीवाला व मिस्त्री एलएलपी**
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 104607डब्ल्यू/डब्ल्यू100166
For **Kalyaniwalla & Mistry LLP.**
Chartered Accountants
FRN:104607W / W100166

(**अनिल ए कुलकर्णी**)
साझेदार
एम नं. 047576
**(Anil A. Kulkarni)**
Partner
M No. 047576

कृते **सिंघी व कं.**
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 302049ई
For **Singhi & Co.**
Chartered Accountants
FRN : 302049E

(**एस चंद्रशेखर**)
साझेदार
एम नं. 007592
**(S Chandrasekhar)**
Partner
M No. 007592

कृते **जी एम कपाड़िया व कं.**
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 104767डब्ल्यू
For **G M Kapadia & Co.**
Chartered Accountants
FRN : 104767W

(**गुरुराज जी**)
साझेदार
एम नं. 219948
**(Gururaj G)**
Partner
M No. 219948

कृते **एस आर डिनोडिया व कं. एलएलपी**
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 001478एन/एन500005
For **S R Dinodia & Co. LLP.**
Chartered Accountants
FRN : 001478N / N500005

(**नूतन जैन**)
साझेदार
एम नं. 092332
**(Nutan Jain)**
Partner
M No. 092332

स्थान : मुम्बई
दिनांक: 25 मई 2018
Place: Mumbai
Date: 25th May 2018

# कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट 2017-18
# Corporate Governance Report 2017-18

## गवर्नेंस संहिता के बारे में बैंक की मान्यता

बैंक ऑफ़ बड़ौदा कार्पोरेट गवर्नेंस पर उत्कृष्ट पद्धतियां अपनाने के प्रति प्रतिबद्ध है. उत्कृष्ट कार्पोरेट गवर्नेंस पद्धतियों का अनुपालन बैंक के परिचालनों का एक अंतर्निहित हिस्सा है. बैंक का कार्पोरेट गवर्नेंस दर्शन पारदर्शिता, व्यावसायिकता और उत्तरदायित्व के मूल्यों के माध्यम से प्रतिबिम्बित होता है. बैंक इन पक्षों को उत्कृष्ट बनाने और उसके माध्यम से शेयरधारकों, ग्राहकों, कर्मचारियों, लेनदारों और समाज के अन्य सदस्यों सहित अपने सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालीन आर्थिक मूल्य सृजित करने और उसे बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है.

बैंक का कार्पोरेट गवर्नेंस निम्नलिखित सिद्धांतों द्वारा नियंत्रित होता है:

- शेयरधारकों के मूल्य को बढ़ाना और उसे अधिकतम स्तर पर पहुँचाना
- सभी हितधारकों के साथ संव्यवहार में निष्पक्ष, नैतिकता एवं पारदर्शिता.
- ग्राहकों, कर्मचारियों एवं बृहद् समाज सहित सभी हितधारकों के हित का संरक्षण.
- बैंक के कार्यनिष्पादन एवं परिचालनों से संबंधित सभी मामलों में समय पर एवं सही प्रकटीकरण
- बैंक के बुनियादी मूल्यों का पालन करते हुए अपना व्यवसाय करना.

बैंक के बुनियादी मूल्य इस प्रकार हैं:

1. सत्यनिष्ठा: हम अपने सभी हितधारकों के साथ वाणी, कार्यों और संव्यवहार में नैतिक और पारदर्शी हैं.
2. ग्राहक केंद्रीयता: हमारी सभी गतिविधियों का केंद्र हमारे ग्राहकों का हित है.
3. साहस: हम विपरित परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखते हैं और अपने मूल्यों पर विश्वास करते हैं.
4. उत्साहपूर्ण स्वामित्व: हम अपने बैंक के प्रति ऊर्जा, उत्साह एवं अपनत्व का भाव रखते हैं तथा एक साथ मिल कर बैंक के लिए कार्य करते हैं.
5. नवोन्मेषिता: हम नवीन विचारों से मूल्य संवर्धन करते हैं.
6. उत्कृष्टता: हम अपनी नीतियों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं में लगातार सुधार करने का प्रयत्न करते हैं.

बैंक यह मानता है कि मजबूत कार्पोरेट गवर्नेंस एक जिम्मेदारी, निष्पक्षता, पारदर्शिता, निरंतरता एवं प्रभावोत्पादकता की संस्कृति है जो संगठन में सर्वत्र प्रचलित है.

बैंक एक सूचीबद्ध निकाय है; जो एक कम्पनी नहीं है, अपितु बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 के तहत निकाय कार्पोरेट है तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित होता है, अत: बैंक सेबी (सूचीयन करार एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन 2015 के प्रावधानों का उस सीमा तक पालन करेगा, सिवाय इस विनियमन के प्रावधान बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 के प्रावधान और इस संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक तथा भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के साथ सुसंगत नहीं होते हैं.

## BANK'S PHILOSOPHY ON CODE OF GOVERNANCE

Bank of Baroda is committed to adopting best practices on corporate governance. The adherence to best corporate governance practices is an integral part of Bank's operations. Bank's corporate governance philosophy is reflected by the values of transparency, professionalism and accountability. The Bank constantly strives towards betterment of these aspects and thereby perpetuates it into generating long term economic value for all its stakeholders including shareholders, customers, employees and other society members.

Bank's corporate governance is governed by the following principles:

- Enhance and maximize the shareholders value
- Fair, ethical and transparent in dealings with all the stake holders
- Protection of the interest of all stake holders including customers, employees and society at large
- Timely and accurate disclosures on all matters pertaining to the performance and operations of the Bank
- Carrying the business adhering to our core values

The core values of the Bank are:

1. Integrity: We are ethical and transparent in our words, actions and dealings with all stakeholders.
2. Customer Centricity: Our customers' interests lie at the core of all our actions.
3. Courage: We are resilient in the face of adversity and having faith in our beliefs.
4. Passionate Ownership: We display energy, enthusiasm and commitment towards our Bank and we work together for the Bank.
5. Innovation: We create value with break-through ideas.
6. Excellence: We strive for continuous improvement in our policies, systems and processes.

Bank believes that sound corporate governance is a culture of accountability, fairness, transparency, consistency and effectiveness which is practiced across the organization.

The Bank is a listed entity; not a company but body corporate under The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 and is regulated by Reserve Bank of India. Bank has complied with the provisions of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 except where the provisions of these regulations are not in conformity with The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 and the guidelines issued by Reserve Bank of India and Government of India.

बैंक में कार्पोरेट गवर्नेंस के प्रावधानों के अनुपालन पर एक रिपोर्ट निम्नानुसार है:

## निदेशक मंडल

### कार्यदायित्व एवं स्वरूप

निदेशक मंडल के कार्यदायित्वों में अन्य के साथ शामिल है:

- नीतियों और नीतिगत फ्रेमवर्क को स्थापित करना.
- सार्थक एवं नीतिपरक निर्णय लेना,
- लक्ष्यों की प्राप्ति का अवलोकन,
- हितधारकों के हित की रक्षा करना और उसमें वृद्धि करना,
- बैंक के जोखिम प्रोफाइल की निगरानी करना

निदेशक मंडल का गठन बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949, बैंककारी कंपनी(उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 यथा संशोधित तथा राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 (यथा संशोधित) के प्रावधानों द्वारा शासित होता है. 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुरुप निदेशक मण्डल का स्वरूप **अनुबंध-1 एवं 1 ए** में प्रस्तुत है.

प्रत्येक निदेशक एवं वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों अर्थात् कोर प्रबंधन टीम जिसमें सभी महाप्रबंधक तथा विभाग प्रमुख शामिल हैं, वे निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित आचार संहिता के अंतर्गत शासित होते हैं, जो बैंक की बेबसाइट www.bankofbaroda.co.in पर उपलब्ध है. निदेशक मण्डल के सभी सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबन्धन कार्मिकों ने आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है.

## निदेशक मंडल की बैठकें :

बैंक को एक वर्ष में न्यूनतम छः बैठकें आयोजित करनी अपेक्षित होती है. वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान निदेशक मंडल की -13- बैठकें निम्नानुसार आयोजित की गई. बैठकों की तारीखें निम्नानुसार हैं:

आयोजित बैठकें: 13

बैठकों की तारीखें: 17.04.2017, 18.05.2017, 27.05.2017, 29.06.2017, 20.07.2017, 11.08.2017, 13.09.2017, 09.10.2017, 14.11.2017, 22.12.2017, 22.01.2018, 09.02.2018, 14.03.2018

A report on implementation on provisions of Corporate Governance in the Bank is as below:

## BOARD OF DIRECTORS

### Role and Composition

The role of the Board include amongst others:

- To establish policies and policy framework,
- To make significant and strategic decisions,
- To oversee the pursuit of objectives,
- To protect and maximize the interest of the stakeholders
- To oversee the risk profile of the Bank

The composition of Board of Directors is governed by the provisions of The Banking Regulation Act, 1949, The Banking Companies (Acquisition & Transfer of Undertakings) Act, 1970, as amended and The Nationalized Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, as amended. The composition of the Board as on 31st March, 2018 is as per **Annexure-1 & 1A**.

Each Director and Senior Management Personnel i.e. Core Management Team comprising all General Managers and Departmental Heads are governed by Code of Conduct approved by the Board which is posted on Bank's website i.e. www.bankofbaroda.co.in. All the Board Members and Senior Management Personnel have affirmed the compliance of the Code.

## MEETINGS OF BOARD

Board is required to meet a minimum of six times a year. During the Financial Year 2017-18, thirteen meetings were held. The dates of the meetings and attendance of the Directors are as under:

No. of Meetings held: 13

Dates of Meetings: 17.04.2017, 18.05.2017, 27.05.2017, 29.06.2017, 20.07.2017, 11.08.2017, 13.09.2017, 09.10.2017, 14.11.2017, 22.12.2017, 22.01.2018, 09.02.2018, 14.03.2018

| निदेशक का नाम | Name of the Director | अवधि / Period | उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें Meetings held during their Tenure | बैठकें जिनमें भाग लिया Meetings Attended |
|---|---|---|---|---|
| श्री रवि वेंकटेसन | Shri Ravi Venkatesan | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 13 | 13 |
| श्री पी.एस. जयकुमार | Shri P. S. Jayakumar | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 13 | 12 |
| श्री मयंक के. मेहता | Shri Mayank K. Mehta | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 13 | 12 |
| श्री अशोक कुमार गर्ग | Shri Ashok Kumar Garg | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 13 | 12 |
| श्रीमती पापिया सेनगुप्ता | Smt. Papia Sengupta | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 13 | 13 |
| श्री मोहम्मद मुस्तफा* | Shri Mohammad Mustafa* | 01.04.2017 to 25.08.2017 | 6 | - |
| श्री लोक रंजन | Shri Lok Ranjan | 26.08.2017 to 31.03.2018 | 7 | 4 |
| श्री अजय कुमार | Shri Ajay Kumar | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 13 | 13 |
| श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल | Shri Gopal Krishan Agarwal | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 13 | 12 |
| प्रो. बिजू वर्क्की | Prof. Biju Varkkey | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 13 | 12 |
| डॉ. आर. नारायणस्वामी* | Shri R Narayanaswamy * | 01.04.2017 to 22.12.2017 | 10 | 7 |
| सुश्री उषा ए. नारायणनन | Ms. Usha A. Narayanan | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 13 | 13 |
| श्री भरतकुमार डी. डांगर | Shri Bharatkumar D. Dangar | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 13 | 13 |
| श्रीमती सौंदरा कुमार | Smt. Soundara Kumar | 24.12.2017 to 14.03.2018 | 3 | 3 |
| श्री प्रेम कुमार मक्कड़ | Shri Prem Kumar Makkar* | 01.04.2017 to 18.09.2017 | 7 | 7 |

*वर्ष के दौरान सदस्य नहीं रहे.

*ceased to be member during the year.

इसके अतिरिक्त वर्ष 2017-18 के दौरान गैर कार्यपालक निदेशकों की निम्नानुसार -6- अलग बैठकें भी आयोजित हुईं:

बैठकों की तारीखें: 07.04.2017, 30.06.2017, 20.07.2017, 11.08.2017, 09.10.2017, 14.11.2017

## निदेशकों / कार्यपालकों की समितियां/ उपसमितियां

बैंक के निदेशक मण्डल ने कार्यनीति के महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों पर निगरानी रखने हेतु निदेशकों की विभिन्न समितियों का गठन किया है. महत्त्वपूर्ण समितियां निम्नानुसार हैं:

1. निदेशक मण्डल की प्रबन्धन समिति (एमसीबी)
2. निदेशक मण्डल की ऋण अनुमोदन समिति (सीएसीबी)
3. निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी)
4. निदेशक मण्डल की जोखिम प्रबंधन समिति
5. हितधारक संबंधपरक समिति
6. नामांकन समिति
7. ग्राहक सेवा समिति
8. बड़ी राशि की धोखाधड़ी सम्बन्धी समिति
9. निदेशक मण्डल की सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति संबंधी समिति
10. मानव संसाधन पर निदेशक मण्डल की नीतिपरक सलाहकार समिति
11. निदेशकों की समिति
12. वसूली निगरानी समिति
13. शेयर/ बांड अंतरण समिति
14. पारिश्रमिक समिति
15. ग्रामीण-वित्तीय समावेशन एवं कार्पोरेट सामाजिक दायित्व पर निदेशक मंडल की संचालन समिति

### 1. निदेशक मंडल की प्रबंधन समिति (एमसीबी)

समिति व्यवसाय संबंधी महत्वपूर्ण मामलों जैसे उच्च मूल्य के ऋण प्रस्तावों की मंजूरी, समझौता/बट्टे खाते वाले प्रस्ताव, पूंजीगत एवं राजस्व संबंधी खर्चों की मंजूरी, परिसर, निवेश, दान आदि पर विचार करती है.

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3) (सी) के तहत नामित निदेशकों में प्रबंधक निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, कार्यपालक निदेशक (गण) तथा भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक तथा 9(3) की उप धारा (ई) (एफ) (एच) तथा (आई) के तहत नियुक्त किए गए निदेशकों में से तीन निदेशक होते हैं.

बैठकों की तारीखें एवं निदेशकों की उपस्थिति निम्नानुसार है:

आयोजित बैठकें: 37

बैठकों की तारीखें: 05.04.2017, 21.04.2017, 04.05.2017, 20.05.2017, 23.05.2017, 31.05.2017, 07.06.2017, 19.06.2017, 27.06.2017, 12.07.2017, 19.07.2017, 28.07.2017, 08.08.2017, 19.08.2017, 30.08.2017, 05.09.2017, 19.09.2017, 26.09.2017, 10.10.2017, 30.10.2017, 09.11.2017, 17.11.2017, 29.11.2017, 11.12.2017, 15.12.2017, 21.12.2017, 29.12.2017, 09.01.2018, 16.01.2018, 30.01.2018, 06.02.2018, 14.02.2018, 20.02.2018, 28.02.2018, 07.03.2018, 20.03.2018, 27.03.2018

In addition six separate meetings of Non-executive Directors were also held during 2017-18 as under:

Dates of Meeting: 07.04.2017, 30.06.2017, 20.07.2017, 11.08.2017, 09.10.2017, 14.11.2017

## COMMITTEES / SUB-COMMITTEE OF DIRECTORS / EXECUTIVES

Board has constituted various Committees of Directors and / or Executives to look into different areas of strategic importance. The important Committees are as under:

1. Management Committee of the Board (MCB)
2. Credit Approval Committee of the Board (CACB)
3. Audit Committee of the Board (ACB)
4. Risk Management Committee of the Board
5. Stakeholders Relationship Committee
6. Nomination Committee
7. Customer Service Committee
8. Committee on High Value Frauds
9. IT Strategy Committee
10. Strategic Advisory Committee of the Board on HR
11. Committee of Directors
12. Committee for Monitoring of Recovery
13. Shares/Bonds Transfer Committee
14. Remuneration Committee
15. Steering Committee of the Board on Rural – FI & CSR

### 1. Management Committee of the Board (MCB)

The Committee considers various business matters of material significance like sanction of high value credit proposals, compromise / write-off proposals, sanction of capital and revenue expenditure, premises, investments, donations etc.

It consists of Managing Director & CEO, Executive Director(s) and Directors nominated by Government of India under Section 9(3)(c) and three Directors amongst those appointed under sub section (e) (f) (h) and (i) of section 9(3) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970.

The dates of the meetings and attendance of the Directors are as under:

No. of Meetings held: 37

Dates of Meetings: 05.04.2017, 21.04.2017, 04.05.2017, 20.05.2017, 23.05.2017, 31.05.2017, 07.06.2017, 19.06.2017, 27.06.2017, 12.07.2017, 19.07.2017, 28.07.2017, 08.08.2017, 19.08.2017, 30.08.2017, 05.09.2017, 19.09.2017, 26.09.2017, 10.10.2017, 30.10.2017, 09.11.2017, 17.11.2017, 29.11.2017, 11.12.2017, 15.12.2017, 21.12.2017, 29.12.2017, 09.01.2018, 16.01.2018, 30.01.2018, 06.02.2018, 14.02.2018, 20.02.2018, 28.02.2018, 07.03.2018, 20.03.2018, 27.03.2018

| निदेशक का नाम | Name of the Director | अवधि / Period | उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें Meetings Held During Their Tenure | बैठकें जिनमें भाग लिया Meetings Attended |
|---|---|---|---|---|
| श्री पी.एस. जयकुमार | Shri P. S. Jayakumar | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 37 | 28 |
| श्री मयंक के. मेहता | Shri Mayank K. Mehta | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 37 | 30 |
| श्री अशोक कुमार गर्ग | Shri Ashok Kumar Garg | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 37 | 26 |
| श्रीमती पापिया सेनगुप्ता | Smt. Papia Sengupta | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 37 | 35 |
| श्री अजय कुमार | Shri Ajay Kumar | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 37 | 25 |
| श्री प्रेम कुमार मक्कड* | Shri Prem Kumar Makkar* | 01.04.2017 to 14.07.2017 | 10 | 10 |
| श्री भरतकुमार डी. डांगर | Shri Bharatkumar D Dangar | 01.04.2017 to 15.09.2017 | 16 | 14 |
| श्री भरतकुमार डी. डांगर | Shri Bharatkumar D Dangar | 01.10.2017 to 23.12.2017 | 8 | 8 |
| श्री भरतकुमार डी. डांगर ($) | Shri Bharatkumar D Dangar($) | 01.01.2018 to 31.03.2018 | 10 | 10 |
| श्री बिजू वर्क्की | Prof Biju Varkkey | 01.05.2017 to 31.10.2017 | 18 | 15 |
| श्री बिजू वर्क्की | Prof Biju Varkkey | 16.11.2017 to 31.03.2018 | 16 | 12 |
| श्रीमती सौंदरा कुमार | Smt Soundara Kumar | 22.01.2018 to 31.03.2018 | 8 | 4 |

*वर्ष के दौरान सदस्य नहीं रहे.

($) दिनांक 24.12.2017 से निदेशक के रूप में दूसरा कार्यकाल

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान समिति ने -319- नयी मंजूरियां, -107- वृद्धि के साथ समीक्षा, -266- समीक्षा, -269- संशोधन, -56- पुष्टियां एवं -193- रिपोर्टिंग को अनुमोदित किया.

## 2. निदेशक मंडल की ऋण अनुमोदन समिति (सीएसीबी)

ऐसे ऋण प्रस्ताव जो प्रबंध निदेशक व सीईओ को प्रत्यायोजित शक्तियों से अधिक है तथा ₹ 400/- करोड़ तक के ऋण प्रस्तावों को सीएसीबी द्वारा मंजूर किया जाता है. समिति में सभी पूर्णकालिक निदेशक, सीएफओ, सीआरओ एवं संबद्ध वर्टिकल के प्रमुखों का समावेश है.

बैठकों की तारीखें एवं निदेशकों की उपस्थिति निम्नानुसार है:

आयोजित बैठकें: 32

बैठकों की तारीखें: 05.04.2017, 20.04.2017, 29.04.2017, 20.05.2017, 09.06.2017, 15.06.2017, 27.06.2017, 12.07.2017, 21.07.2017, 27.07.2017, 02.08.2017, 09.08.2017, 19.08.2017, 01.09.2017, 13.09.2017, 21.09.2017, 22.09.2017, 11.10.2017, 26.10.2017, 09.11.2017, 17.11.2017, 27.11.2017, 15.12.2017, 21.12.2017, 29.12.2017, 11.01.2018, 20.01.2018, 01.02.2018, 20.02.2018, 03.03.2018, 21.03.2018, 27.03.2018

* Ceased to be member during the year.

($) Second term of directorship w.e.f. 24th December, 2017.

The Committee approved -319- fresh sanctions, -107- reviews with increase, -266- reviews, -269- modifications, -56- confirmations and -193- reportings during the FY 2017-18.

## 2. Credit Approval Committee of the Board (CACB)

The credit proposals which exceed the powers delegated to Managing Director & CEO and are upto ₹ 400 crore are considered for approval by the CACB. The Committee comprises of all Whole Time Directors, CFO, CRO and respective Heads of verticals.

The dates of the meetings and attendance of the Directors are as under:

No. of Meetings held: 32

Dates of Meetings: 05.04.2017, 20.04.2017, 29.04.2017, 20.05.2017, 09.06.2017, 15.06.2017, 27.06.2017, 12.07.2017, 21.07.2017, 27.07.2017, 02.08.2017, 09.08.2017, 19.08.2017, 01.09.2017, 13.09.2017, 21.09.2017, 22.09.2017, 11.10.2017, 26.10.2017, 09.11.2017, 17.11.2017, 27.11.2017, 15.12.2017, 21.12.2017, 29.12.2017, 11.01.2018, 20.01.2018, 01.02.2018, 20.02.2018, 03.03.2018, 21.03.2018, 27.03.2018

| निदेशक / सदस्य का नाम | Name of the Director / Member | अवधि / Period | उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें Meetings Held During Their Tenure | बैठकें जिनमें भाग लिया Meetings Attended |
|---|---|---|---|---|
| श्री पी.एस. जयकुमार | Shri P. S. Jayakumar | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 32 | 32 |
| श्री मयंक के. मेहता | Shri Mayank K Mehta | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 32 | 26 |
| श्री अशोक कुमार गर्ग | Shri Ashok Kumar Garg | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 32 | 26 |
| श्रीमती पापिया सेनगुप्ता | Smt. Papia Sengupta | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 32 | 31 |
| श्री रमेश गोपालरत्नम | Shri Ramesh Gopalrathnam – CFO | 10.08.2017 to 31.03.2018 | 20 | 19 |
| श्री भास्कर शर्मा | Shri Bhaskar Sharma – CRO | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 32 | 16 |
| श्री संजय कुमार* | Shri Sanjay Kumar* - CFO | 01.04.2017 to 09.08.2017 | 12 | 12 |

*वर्ष के दौरान सदस्य नहीं रहे.

*ceased to be member during the year

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान समिति ने -136- नयी मंजूरियां, -106- वृद्धि के साथ समीक्षा, -332- समीक्षा, -229- आशोधन, -62- पुष्टियों को अनुमोदित किया.

### 3. निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी)

एसीबी के कार्यों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्न शामिल हैं-

- लेखापरीक्षा समिति समग्र बैंक के लेखापरीक्षा संबंधी कार्यों के परिचालनों को तथा लेखापरीक्षा आयोजना को दिशा देती है तथा उनकी देखरेख करती है, जिसमें आन्तरिक लेखापरीक्षा संगठन, उनका परिचालन एवं गुणवत्ता, आंतरिक नियंत्रण संस्तुतियों और बैंक के आंतरिक/समवर्ती/ सांविधिक/बाहरी लेखापरीक्षकों के सुझावों का फॉलो-अप शामिल है. यह बैंक द्वारा केवायसी-एएमएल अनुपालन, हाउसकीपिंग के प्रमुख क्षेत्र, नियामक एवं सांविधिक दिशानिर्देशों की अपवादात्मक रिपोर्टिंग एवं अनुपालन की समीक्षा भी करती है.
- यह बैंक की आंतरिक नियंत्रण पद्धति की पर्याप्तता, आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग की संरचना, इसकी स्टाफ पद्धति की समीक्षा करती है तथा वित्तीय जोखिम प्रबंधन, आईएस लेखापरीक्षा एवं लेखा नीतियों/प्रणाली नीतियों की समीक्षा करती है.
- लेखा परीक्षा समिति बैंक के वित्तीय रिपोर्टिंग पद्धति का निर्धारण एवं समीक्षा करती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वित्तीय विवरण सही हैं और संबंधित दिशानिर्देशों का अनुपालन किया गया है. यह तिमाही/वार्षिक वित्तीय विवरणों को अंतिम रुप देने से पहले सांविधिक लेखापरीक्षकों से विचार-विमर्श करती है; समीक्षा करती है तथा बोर्ड को अनुमोदन के लिए संस्तुत करती है.
- लेखा परीक्षा समिति बीआर अधिनियम, 1949 की धारा 35 के अंतर्गत बैंक के जोखिम आधारित पर्यवेक्षण के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों के अनुपालन के लिए फॉलो-अप करती है. यह लॉग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट (एलएफएआर) में उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर भी फॉलो-अप करती है..

समिति में कुल पांच सदस्य शामिल हैं (i) भारत सरकार के नामित निदेशक (ii) भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक (iii) बैंक के कार्यपालक निदेशक-आंतरिक लेखापरीक्षा कार्यों के प्रभारी (iv) सीए निदेशक तथा (v) एक गैर-कार्यपालक निदेशक.

बैठकों की तारीखें एवं निदेशकों की उपस्थिति निम्नानुसार है:

आयोजित बैठकें: 15

बैठकों की तारीखें: 04.05.2017, 17.05.2017, 18.05.2017, 11.07.2017, 10.08.2017, 11.08.2017, 25.10.2017, 13.11.2017, 14.11.2017, 04.12.2017, 22.12.2017, 08.01.2018, 08.02.2018, 09.02.2018, 08.03.2018,

The Committee approved -136- fresh sanctions, -106- reviews with increase, -332- reviews, -229- modifications, -62- confirmations during the FY 2017-18.

### 3. Audit Committee of the Board (ACB)

The functions of ACB, *inter-alia*, include

- ACB provides directions and oversees the operations of audit function and audit plan of the Bank including the internal audit organization, its operation and quality, internal control recommendations and follow-up of the suggestions of Internal/Concurrent/ Statutory/ External Auditors of the Bank. It also reviews KYC-AML compliance by the Bank, major areas of housekeeping, exception reporting and compliance of regulatory and statutory guidelines.
- It reviews the adequacy of internal control systems and reviews the financial, risk management, IS Audit and Accounting Policies/Systems policies of the Bank.
- The Committee assesses and reviews the financial reporting system of the Bank to ensure that the financial statements are accurate and in compliance with relevant guidelines. It interacts with Statutory Auditors before finalization of quarterly / annual financial statements; reviews them and recommends to the Board for approval.
- ACB follows up for compliance of all the issues raised by RBI the during Risk Based Supervision of the Bank under Section 35 of B.R. Act 1949. It also follows up on various issues raised in the Long Form Audit Report (LFAR).

The Committee comprises of 5 Members (i) GOI Nominee Director, (ii) RBI Nominee Director, (iii) Bank's Executive Director – In charge of Internal Audit Function (iv) CA Director and (v) One Non-Executive Director.

The dates of the meetings and attendance of the Directors are as under:

No. of Meetings held: 15

Dates of Meetings: 04.05.2017, 17.05.2017, 18.05.2017, 11.07.2017, 10.08.2017, 11.08.2017, 25.10.2017, 13.11.2017, 14.11.2017, 04.12.2017, 22.12.2017, 08.01.2018, 08.02.2018, 09.02.2018, 08.03.2018,

| निदेशक का नाम | Name of the Director | अवधि / Period | उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें Meetings held during their tenure | बैठकें जिनमें भाग लिया Meetings Attended |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती उषा ए. नारायणन | Ms. Usha A. Narayanan (Chairperson) | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 15 | 15 |
| श्रीमती पापिया सेनगुप्ता | Smt.Papia Sengupta | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 15 | 15 |
| श्री लोक रंजन | Shri Lok Ranjan | 26.08.2017 to 31.03.2018 | 9 | 4 |
| श्री अजय कुमार | Shri Ajay Kumar | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 15 | 15 |
| श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल | Shri Gopal Krishan Agarwal | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 15 | 14 |
| श्री मोहम्मद मुस्तफा* | Shri Mohammad Mustafa * | 01.04.2017 to 25.08.2017 | 6 | - |

*वर्ष के दौरान सदस्य नहीं रहे.

*ceased to be member during the year.

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, एसीबी ने अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित का अनुमोदन/ समीक्षा की:

- प्रथम बार आंतरिक लेखापरीक्षा चार्टर एवं क्रेडिट लेखापरीक्षा मेन्यूअल अपनाया गया
- प्रथम बार स्टॉक डेब्टर लेखापरीक्षा पॉलिसी अपनाई गई.
- जीएसटी के अनुपालन की प्रभावी समीक्षा
- विभिन्न वर्टिकल की नीतियां और अन्य पहलें
- फिनेकल में ₹ 50 करोड़ एवं अधिक की समग्र सीमा वाले सुरक्षा मूल्य डेटा के सत्यापन की विशेष लेखापरीक्षा.
- क्रेता- क्रेडिट के सत्यापन की विशेष लेखापरीक्षा.
- धोखाधड़ी के 35 मामलों (₹ 1 लाख एवं अधिक के)को बैंक स्तर पर समाप्त करने के लिए आरबीआई को संस्तुति करने के लिए बैंक को प्राधिकृत किया तथा 13 (₹ 1 लाख से कम के) मामले बंद करने के लिए बैंक को प्राधिकृत किया.

### 4. निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति:

जोखिम प्रबंधन समिति बैंक द्वारा पूर्वानुमानित संपूर्ण जोखिम की समीक्षा एवं मूल्यांकन करती है. बैंक ने जोखिम प्रबंधन संगठनात्मक ढांचा, जोखिम सिद्धांत, जोखिम प्रक्रिया, जोखिम नियंत्रण और जोखिम लेखा परीक्षा को शामिल कर सभी के लिए समुचित जोखिम प्रबंधन इस दृष्टि से तैयार की है कि विभिन्न श्रेणियों के जोखिमों अर्थात् ऋण जोखिम, बाजार जोखिम तथा परिचालनात्मक जोखिमों का निर्धारण, प्रबंधन, निगरानी तथा नियंत्रण किया जा सके.

बैंक का मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ) समिति का संयोजक है. जोखिम प्रबंधन के क्षेत्र में विशेषज्ञता को मजबूत बनाने के लिए बैंक ने जोखिम प्रबंधन क्षेत्र के तीन विशेषज्ञों को निदेशक मंडल के सलाहकार के रुप में शामिल किया है जो समिति का एक भाग है.

बैठकों की तारीखें एवं निदेशकों की उपस्थिति निम्नानुसार है:

आयोजित बैठकें: 5

बैठकों की तारीखें: 17.05.2017, 11.07.2017, 12.09.2017, 12.12.2017, 09.02.2018

During FY 2017-18, ACB *inter-alia* approved/reviewed the following

- Internal Audit Charter and Credit Audit Manuals for the first time
- Stock & Debtor Audit Policy for the first time
- Effective review for implementation of GST
- Policies from verticals and other initiatives
- Special Audit on verification of Security Value Data in Finacle having aggregate limit of ₹50 Crores and above
- Special Audit of verification of Buyer's Credit
- Authorized Bank to recommend to RBI for closure of 35 fraud cases (₹1 Lakh & above) & authorized the Bank for closure of 13 cases (below ₹1 Lakh) at Bank end.

### 4. Risk Management Committee of the Board:

Risk Management reviews and evaluates the overall risks assumed by the Bank. Bank has set up risk management architecture comprising Risk Management Organizational Structure, Risk Principles, Risk Processes, Risk Control and Risk Audit, all with a view to identify, manage, monitor and control various categories of risks, viz. Credit Risk, Market Risk and Operational Risk.

Chief Risk Officer (CRO) of the Bank is the convener of the committee. To strengthen the expertise on Risk Management, Bank has also inducted three specialists in the area of risk management as advisors to the Board who are part of this Committee.

The dates of the meetings and attendance of the members of Committee are as under:

No. of Meetings held: 5

Dates of Meetings: 17.05.2017, 11.07.2017, 12.09.2017, 12.12.2017, 09.02.2018

| निदेशक का नाम | समिति की सदस्यता की Name of the Director / Member | अवधि / Period | उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें Meetings held during their tenure | बैठकें जिनमें भाग लिया Meetings Attended |
|---|---|---|---|---|
| श्री रवि वेंकटेसन | Shri Ravi Venkatesan | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 5 | 5 |
| श्री पी. एस. जयकुमार | Shri P. S. Jayakumar | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 5 | 5 |
| श्री मयंक के मेहता | Shri Mayank K. Mehta | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 5 | 3 |
| श्री अशोक कुमार गर्ग | Shri Ashok Kumar Garg | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 5 | 4 |
| श्रीमती पापिया सेनगुप्ता | Smt. Papia Sengupta | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 5 | 5 |
| सुश्री उषा नारायणन | Ms. Usha A. Narayanan | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 5 | 5 |
| श्रीमती सौंदरा कुमार | Smt. Soundara Kumar | 22.01.2018 to 31.03.2018 | 1 | 1 |
| श्रीमती सुजाता वेंकटरमन - सलाहकार | Smt. Sujatha Venkatramanan - Advisor | 01.07.2017 to 31.03.2018 | 4 | 2 |
| श्री हिमाद्री भट्टाचार्य - सलाहकार | Shri Himadri Bhattacharya - Advisor | 01.07.2017 to 31.03.2018 | 4 | 4 |
| श्री श्रीधर श्रीनिवासन - सलाहकार | Shri Sridhar Srinivasan - Advisor | 01.07.2017 to 12.11.2017 | 2 | 2 |
| | | 22.01.2018 to 31.03.2018 | 1 | 1 |

वर्ष के दौरान, समिति ने अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित की समीक्षा/अनुमोदन किया.

- उद्यम जोखिम प्रबंधन; जोखिम एपिटाइट एवं कंट्री एक्सपोज़र सीमाओं पर पॉलिसियां/फ्रेमवर्क.
- बैंक के -4- आंतरिक रेटिंग मोड्यूल ( लार्ज कार्पोरेट, एसएमई निर्माण, एसएमई सेवाएं एवं ट्रेडर्स मोड्यूल) का उन्नयन एवं उनका नियोजन.
- दबावग्रस्त क्षेत्रों में मानक अग्रिमों पर अतिरिक्त प्रावधान हेतु पॉलिसी.
- विनिर्दिष्ट घरेलू उद्योगों और सैक्टरों पर विवेकपूर्ण कैप.
- मंजूरी के नियमों एवं शर्तों में आशोधन/विचलन के लिए विवेकपूर्ण शक्तियों में आशोधन.

## 5. हितधारक संबंधपरक समिति

समिति इस आशय से मॉनिटरिंग करती है कि अंतरण, उपविभाजन, समेकन, नवीकरण, विनिमय अथवा मांग/आवंटन राशि के परांकन की प्रस्तुति की तारीख से -15- दिनों के भीतर शेयर प्रमाणपत्र जारी कर दिए जाएं. समिति निवेशकों की शिकायतों के निवारण के लिए समयबद्ध रूप से निगरानी भी करती है.

इस समिति में कार्यपालक निदेशक (गण) एवं दो गैर कार्यपालक निदेशक सदस्य के रुप में शामिल हैं तथा एक गैर कार्यपालक निदेशक इसके अध्यक्ष हैं.

बैठकों की तारीखें एवं निदेशकों की उपस्थिति निम्नानुसार है:

आयोजित बैठकें: 4

बैठकों की तारीखें: 07.06.2017, 11.08.2017, 15.12.2017, 13.03.2018

During FY 2017-18, ACB *inter-alia* approved/reviewed the following:

- Policies / frameworks on Enterprise Risk Management; Risk Appetite and country exposure limits.
- Updation of -4- internal Rating Models (Large Corporate, SME Manufacturing, SME Services and for traders) and their deployment,
- Policy for additional provisions on Standard Advances in Stressed sectors
- Prudential caps on specific domestic Industries & Sectors,
- Modification in discretionary powers for modification/ deviation in terms and conditions of sanction

## 5. Stakeholders Relationship Committee

The Committee monitors the issuance of share certificates within a period of -15- days of the date of lodgment for transfer, sub-division, consolidation, renewal, exchange or endorsement of calls / allotment money. The Committee further monitors the redressal of investors' complaints in a time bound manner.

The Committee consists of Executive Director (s) and two non-Executive Directors as its members with a Non-Executive Director as its Chairman.

The dates of the meetings and attendance of the Directors are as under:

No. of Meetings held: 4

Dates of Meetings: 07.06.2017, 11.08.2017, 15.12.2017, 13.03.2018

| निदेशक का नाम | Name of the Director | अवधि / Period | उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें Meetings held during their tenure | बैठकें जिनमें भाग लिया Meetings Attended |
|---|---|---|---|---|
| श्री भरत कुमार डी डांगर | Shri Bharatkumar D. Dangar | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 4 | 4 |
| श्री मयंक के. मेहता | Shri Mayank K. Mehta | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 4 | 4 |
| श्री अशोक कुमार गर्ग | Shri Ashok Kumar Garg | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 4 | 3 |
| श्रीमती पापिया सेनगुप्ता | Smt. Papia Sengupta | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 4 | 4 |
| प्रो. बिजू वर्क्की | Prof. Biju Varkkey | 09.10.2017 to 31.03.2018 | 2 | 2 |
| श्री प्रेम कुमार मक्कड* | Shri Prem Kumar Makkar | 01.04.2017 to 18.09.2017 | 2 | 2 |

*वर्ष के दौरान सदस्य नहीं रहे.

*ceased to be member during the year

वर्ष के दौरान प्राप्त एवं निस्तारित की गई निम्नलिखित शिकायतों / अनुरोधों को समिति द्वारा नोट किया गया:

Following requests/complaints received and resolved during the year were noted by the Committee:

| 01.04.2017 को बकाया Pending as on 01.04.2017 | वर्ष के दौरान प्राप्त Received during the year | वर्ष के दौरान निवारण Resolved during the year | 31.03.2018 को बकाया Pending as on 31.03.2018 |
|---|---|---|---|
| 0 | 6444 | 6436 | 8* |

*आज की तारीख पर निस्तारण हो गया है.

श्री पी के अग्रवाल, कम्पनी सचिव सेबी (सूचीयन करार और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियमन, 2015 के नियम 6 के तहत बैंक के चयनित ठअनुपालन अधिकारी" हैं.

## 6. नामांकन समिति

समिति बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(आई) के प्रावधानों के अंतर्गत राष्ट्रीयकृत बैंकों के निदेशक

*stands resolved as on date.

Shri P K Agarwal, Company Secretary is the designated "Compliance Officer" of the Bank under Regulation 6 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirement) Regulations, 2015.

## 6. Nomination Committee

The Committee ascertains 'Fit and Proper' status of persons to be elected as shareholder director on the Board as per

मंडल में निर्वाचन हेतु व्यक्तियों के लिए तथा इस श्रेणी के अंतर्गत मौजूदा निदेशकों हेतु वार्षिक आधार पर ''फिट एण्ड प्रॉपर'' स्टेटस सुनिश्चित करती है.

बैठकों की तारीखें एवं निदेशकों की उपस्थिति निम्नानुसार है:

आयोजित बैठकें: 2

बैठकों की तारीखें: 27.05.2017, 11.12.2017

the provisions of Section 9(3)(i) of Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 and also on annual basis for these directors.

The dates of the meetings and attendance of the Directors are as under:

No. of Meetings held: 2

Dates of Meetings: 27.05.2017, 11.12.2017

| निदेशक का नाम | Name of the Director | अवधि / Period | उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें Meetings held during their tenure | बैठकें जिनमें भाग लिया Meetings Attended |
|---|---|---|---|---|
| श्री रवि वेंकटेसन - (अध्यक्ष) | Shri Ravi Venkatesan (Chairman) | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 2 | 2 |
| श्री लोक रंजन | Shri Lok Ranjan | 26.08.2017 to 31.03.2018 | 1 | 1 |
| प्रो. बिजु वर्क्की | Prof. Biju Varkkey | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 2 | 2 |
| श्री मोहम्मद मुस्तफा* | Shri Mohammad Mustafa* | 01.04.2017 to 25.08.2017 | 1 | - |
| श्री प्रेम कुमार मक्कड* | Shri Prem Kumar Makkar* | 01.04.2017 to 19.07.2017 | 1 | 1 |

*वर्ष के दौरान सदस्य नहीं रहे.

*ceased to be member during the year.

## 7. ग्राहक सेवा समितियां

समिति के कार्यों में ग्राहक सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए सुझावों के लिए प्लेटफॉर्म का सृजन करना तथा सभी संवर्ग के ग्राहकों के लिए ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में वृद्धि करना और संतुष्टि स्तर में सुधार करना शामिल है. समिति के पास निम्नलिखित कार्य भी हैं:

i. सार्वजनिक सेवाओं की प्रक्रिया एवं कार्यनिष्पादन लेखापरीक्षा संबंधी स्थायी समिति के कार्यों की देखरेख करना तथा उनकी सिफारिशों के अनुपालन को सुनिश्चित करना.

ii. अधिनिर्णय की तारीख से तीन महीने से अधिक समय बीत जाने पर भी लागू न किए गए बकाया अधिनिर्णयों की तथा बैंकिंग लोकपाल द्वारा बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में पाई गई कमियों की स्थिति की समीक्षा करना.

iii. मृत जमाकर्ताओं / लॉकर किराएदारों / सुरक्षित अभिरक्षा में रखी गई वस्तुओं के जमाकर्ताओं से सम्बन्धित निपटान हेतु 15 दिनों की अवधि से अधिक समय से बकाया दावों की संख्या की स्थिति सम्बन्धी समीक्षा करना.

बैठकों की तारीखें एवं निदेशकों की उपस्थिति निम्नानुसार है:

आयोजित बैठकें:4

बैठकों की तारीखें: 30.06.2017, 13.09.2017, 21.12.2017, 13.03.2018

## 7. Customer Service Committee

The functions of the Committee include creating a platform for making suggestions for enhancing the quality of customer services and improving the level of satisfaction for all categories of clientele at all times. The Committee has also the following tasks:

I. To oversee the functioning of and compliance with the recommendations of the Standing Committee on Procedure and Performance Audit on Public Services.

II. Review the status of the Awards remaining unimplemented for more than 3 months from the date of Awards and also deficiencies in providing banking services as observed by the Banking Ombudsman.

III. Review the status of the number of deceased claims remaining pending / outstanding for settlement beyond 15 days pertaining to deceased depositors / locker hirers / depositor of safe custody articles.

The dates of the meetings and attendance of the Directors are as under:

No. of Meetings held: 4

Dates of Meetings: 30.06.2017, 13.09.2017, 21.12.2017, 13.03.2018

| निदेशक का नाम | Name of the Director | अवधि / Period | उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें Meetings held during their tenure | बैठकें जिनमें भाग लिया Meetings Attended |
|---|---|---|---|---|
| श्री पी. एस. जयकुमार | Shri P. S. Jayakumar | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 4 | 3 |
| श्री मयंक के. मेहता | Shri Mayank K. Mehta | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 4 | 4 |
| श्री अशोक कुमार गर्ग | Shri Ashok Kumar Garg | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 4 | 4 |
| श्रीमती पापिया सेनगुप्ता | Smt. Papia Sengupta | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 4 | 4 |
| श्री प्रेम कुमार मक्कड | Shri Prem Kumar Makkar* | 01.04.2017 to 19.09.2017 | 2 | 2 |
| श्री बिजू वर्क्की | Prof. Biju Varkkey | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 4 | 4 |

*वर्ष के दौरान सदस्य नहीं रहे.

*ceased to be member during the year.

## 8. बड़ी राशि की धोखाधड़ी संबंधी समिति

समिति बैंक में रू 1.00 करोड़ और उससे अधिक की राशि के धोखाधड़ी सम्बन्धी मामलों की निगरानी करती है ताकिः

(ए) धोखाधड़ी के आपराधिक कृत्य में यदि कोई प्रणालीगत खामियां हो तो उसका पता लगाने और उन पर नियंत्रण करने के लिए उपाय किए जा सकें.

(बी) धोखाधड़ी का पता लगाने में विलम्ब के कारणों की पहचान तथा बैंक तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के उच्च प्रबन्धकों को उसकी रिपोर्टिंग.

(सी) सीबीआई / पुलिस जांच पड़ताल की प्रगति तथा वसूली की स्थिति की निगरानी

(डी) यह सुनिश्चित करना कि धोखाधड़ी के सभी मामलों में सभी स्तरों पर स्टाफ उत्तरदायित्व का परीक्षण हो और जहां स्टाफ पर कार्रवाई अपेक्षित हो, अविलम्ब की जाए.

(ई) धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति के निवारण के लिए की गई सुधारात्मक कार्रवाई की प्रभावोत्पादकता की समीक्षा यथा आंतरिक नियंत्रण को सशक्त करना और

(एफ) धोखाधड़ी के खिलाफ निवारक उपायों को सुदृढ़ करने के लिए यथावश्यक अन्य उपाय करना.

बैठकों की तारीखें एवं निदेशकों की उपस्थिति निम्नानुसार है:

आयोजित बैठकें: 4

बैठकों की तारीखें: 17.05.2017, 13.09.2017, 12.12.2017, 13.03.2018

## 8. Committee on High Value Frauds

The Committee monitors high value frauds of ₹1.00 crore and above in the Bank so as to:

a) identify the systemic lacunae if any that facilitated perpetration of the fraud and put in place measures to plug the same

b) identify the reasons for delay in detection, if any, reporting to top management and RBI

c) monitor progress of CBI/Police investigation and recovery position

d) ensure that staff accountability is examined at all levels in all the cases of frauds and staff side action, if required, is completed quickly without loss of time

e) review the efficacy of the remedial action taken to prevent recurrence of frauds, such as strengthening of internal controls and

f) put in place other measures as may be considered relevant to strengthen preventive measures against frauds.

The dates of the meetings and attendance of the Directors are as under:

No. of Meetings held: 4

Dates of Meetings: 17.05.2017, 13.09.2017, 12.12.2017, 13.03.2018

| निदेशक का नाम | Name of the Director | अवधि / Period | उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें Meetings held during their tenure | बैठकें जिनमें भाग लिया Meetings Attended |
|---|---|---|---|---|
| श्री रवि वेंकटेसन | Shri Ravi Venkatesan | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 4 | 4 |
| श्री पी. एस. जयकुमार | Shri P. S. Jayakumar | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 4 | 4 |
| श्री लोक रंजन | Shri Lok Ranjan | 26-08-2017 to 31-03-2018 | 3 | 1 |
| सुश्री उषा नारायणन | Ms. Usha A. Narayanan | 01.04.2017 to 31.03.2018 | 4 | 4 |
| डॉ. आर. नारायणस्वामी* | Dr. R. Narayanaswamy* | 01.04.2017 to 23.12.2017 | 3 | 3 |
| श्रीमती सौंदरा कुमार | Smt. Soundara Kumar | 22-01-2018 to 31-03-2018 | 1 | 1 |
| श्री मोहम्मद मुस्तफा* | Shri Mohammad Mustafa* | 01.04.2017 to 25.08.2017 | 1 | - |
| श्री प्रेम कुमार मक्कड़* | Shri Prem Kumar Makkar* | 01.04.2017 to 18.09.2017 | 2 | 2 |

*वर्ष के दौरान सदस्य नहीं रहे.

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, समिति ने अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित अनुमोदन/ समीक्षा की है:

- धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन पॉलिसी.
- चेक धोखाधड़ी के संबंध में नीतिपरक निवारण योजना
- एडवोकेट/सोलिसिटरों को पैनलबद्ध करने संबंधी पॉलिसी.
- फौजदारी वकीलों को पैनलबद्ध किया
- फॉरेंसिक लेखापरीक्षकों का पैनल.
- कर्मचारियों को फॉरेंसिक लेखापरीक्षा प्रशिक्षण.
- उच्च मूल्य धोखाधड़ी के मूल कारण विश्लेषण करने के लिये गठित समिति की रिपोर्ट.

*ceased to be member during the year

During FY 2017-18, the Committee *inter-alia* approved / reviewed the following:

- Fraud Risk Management Policy
- Strategic prevention plan on cheque frauds
- Empanelment policy for Advocate/ Solicitors.
- Empanelment of criminal lawyers
- Panel of Forensic Auditors
- Imparting of training on forensic audit to employees
- Root Cause Analysis of High Value Frauds by the Committee formed for this purpose

## 9. बैंक की सूचना प्रौद्योगिकी नीति समिति

| शेयरधारकों की संख्या No. of Shareholders | शेयरों की संख्या No. of Shares | शेयरधारकों की संख्या No. of Shareholders | शेयरधारकों की संख्या No. of Shareholders | शेयरों की संख्या No. of Shares | शेयरधारकों की संख्या No. of Shareholders | शेयरों की संख्या No. of Shares |
| 70 | 86000 | 0 | 0 | 0 | 70 | 86000 |

**बी. एस्क्रो / अंचत खातें में उपलब्ध शेयरों की स्थिति ( डीमेट शेयर - बिना सुपुर्दगी के वापस किए गए)**

**b. Status of shares lying in Escrow / Suspense A/c (Demat Shares – returned undelivered)**

| 01.04.2017 को प्रारम्भिक शेष Opening Balance as on 01.04.2017 | | वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान प्राप्त अनुरोधों की संख्या No. of requests received during the Financial Year 2017-18 | वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान नामे किए गए शेयर Shares debited during the Financial Year 2017-18 | | 31 मार्च 2018 को उपलब्ध अंत शेष Closing Balance as on 31st March 2018 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शेयरधारकों की संख्या No. of Shareholders | शेयरों की संख्या No. of Shares | शेयरधारकों की संख्या No. of Shareholders | शेयरधारकों की संख्या No. of Shareholders | शेयरों की संख्या No. of Shares | शेयरधारकों की संख्या No. of Shareholders | शेयरों की संख्या No. of Shares |
| 158 | 93950 | 1 | 1 | 150 | 157 | 93800 |

हम पुष्टि करते हैं कि जब तक उक्त शेयरों के वास्तविक दावेदार इनके लिए दावा नहीं करते तब तक अंतिम कॉलम (ए) तथा (बी) के शेयरों के लिए मताधिकार पर रोक जारी रहेगी.

We confirm that the voting rights on the shares stated at the last column of table (a) and (b) above shall remain frozen till the rightful owner of such shares claims the shares.

### लाभांश / ब्याज का इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भुगतान:

बैंक निवेशकों को, जहाँ निवेशकों द्वारा मैंडेट दिए गए हैं, शेयरों पर लाभांश/बाँडों पर ब्याज का भुगतान विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से कर रहा है, इस उद्देश्य के लिए बैंक नेशनल ऑटोमेटेड क्लीयरिंग हाऊस (एनएसीएच), नेशनल इलेक्टॉनिक क्लीयरिंग सर्विस (एनईसीएस), इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस (ईसीएस), आरटीजीएस, एनईएफटी तथा सीधे जमा आदि कि सेवाओं का प्रयोग कर रहा है.

निवेशक अपने मैंडेट बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट अर्थात कार्वी कम्प्यूटर शेयर प्रा. लि. के पास इस रिपोर्ट में दिए पते पर दर्ज करा सकते हैं.

### सचिवालय अंकेक्षण

वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक ने लागू कानून एवं विनियमों के अनुरुप 06 नवंबर 2015 से 22 दिसंबर 2017 की अवधि तक बैंक के निदेशक मंडल की बैठकों की कार्यसूची संबंधी कागजातों एवं कार्यवृत्तों की समीक्षा हेतु पेशेवर कंपनी सचिव की नियुक्ति की थी.

उनके द्वारा प्रस्तुत समीक्षा रिपोर्ट में निम्नलिखित की पुष्टि की गयी है:-

- बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत विभिन्न कानूनों एवं गतिविधियों की मदों पर अनुपालन,निर्धारित प्रावधानों के अनुरुप किया गया है.
- एजीएम/ईजीएम से संबंधित कार्यसूची की मदों पर नोट, उन बैठकों की सूचना देना और विभिन्न एजेन्सियों की नियुक्ति नियमानुसार की गई.
- प्रबंधन ने बोर्ड के समक्ष उन कार्यसूची की मदों को प्रस्तुत किया जो सेबी(एलओडीआर) विनियम, 2015 के प्रावधानों के अंतर्गत वांछनीय हैं.

### प्प्रकटीकरण :

1) यहाँ भौतिक रुप से किसी भी प्रकार का कोई महत्वपूर्ण पार्टी संव्यवहार नहीं होता है जिसका बड़े रुप में बैंक के हितों के साथ कोई टकराव हो. इस सम्बंध में पार्टी सम्बंधी प्रकटीकरण भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों का अनुपालन करते हुए लेखांकन संबंधी टिप्पणीयों मे किया गया है.

2) बैंक पर पिछले तीन वर्षों के दौरान पूंजी बाजार से सम्बद्ध किसी भी मामले में किसी भी विनियामक प्राधिकारी अर्थात स्टॉक एक्सचेंज और / अथवा सेबी द्वारा किसी नियम, निर्देशों एवं दिशा-निर्देशों का अनुपालन न करने के लिए न तो कोई दंड लगाया गया और न ही किसी प्रकार की कोई भर्त्सना की गई है.

3) हम सेबी द्वारा कॉर्पोरेट गवर्नेंस सूचीबद्ध नियमों की अनुसूची V के उपभाग (2) से (10) के अनुपालन की पुष्टि करते हैं.

4) सभी निदेशकों द्वारा यह घोषणा की गई है कि 31 मार्च 2018 तक उनका परस्पर किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं है.

5) बैंक ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान कॉमोडिटी में कोई व्यापार नहीं किया है, अत: कॉमोडिटी कीमत जोखिम और कॉमोडिटी बचाव गतिविधियां शून्य है.

6) **स्वतंत्र निदेशकों के लिए परिचय-कार्यक्रम:**
बैंक के स्वतंत्र निदेशकों के लिए आयोजित परिचय-कार्यक्रम का ब्यौरा बैंक की वेबसाइट https://www.bankofbaroda.co.in/writereaddata/Images/pdf/ListofDirectorAppointedForTrainingReg46-30102017.pdf पर उपलब्ध है.

7) **व्हीसल ब्लोअर नीति**
भारत सरकार के जनहित प्रकटीकरण एवं सूचना प्रदाता की सुरक्षा संबंधी संकल्प (पीआयडीपीआय) के आधार पर लोगो के लिए व्हीसल ब्लोअर दिशानिर्देश संबंधी विवरण बैंक की वेबसाइट

### DIVIDEND / INTEREST PAYMENT THROUGH ELECTRONIC MODES

The Bank is paying Dividend on Shares / Interest on Bonds to the Investors through various electronic modes, wherever mandate is given by the investors. For the purpose, the Bank is using the services of National Automated Clearing House (NACH), National Electronic Clearing Services (NECS), RTGS, NEFT & Direct Credit etc.

Investors may lodge their mandate with Bank's Registrar & Share Transfer Agent i.e. M/s. Karvy Computershare Pvt. Ltd., at the address given in this report.

### Secretarial Audit

During FY2017-18, the Bank had appointed a Practicing Company Secretary to review the Agenda papers and Minutes of the meetings of the Board of Directors of the Bank held during the period from 6th November, 2015 till 22nd December, 2017 as to compliance with applicable laws and regulations.

Review Report submitted by them confirms:

- compliance of various laws and calendar of items placed before the Board were in accordance with the provisions
- notes on Agenda items relating to AGM / EGM, Notice of the said meetings, appointment of various agencies were in order.
- management has placed before the Board, the agenda items which are required to be placed as prescribed under SEBI (LODR) Regulations, 2015.

### DISCLOSURES

1. There is no materially significant Related Party Transaction that has potential conflict with interests of the Bank at large. The Related Party disclosure is made in the Notes on Accounts in compliance with RBI Guidelines in this regard.
2. There is no non-compliance by the Bank in respect of Regulations/ Guidelines issued SEBI / Stock Exchanges / any Statutory Authority on any matter related to capital markets during the last 3 years and as such no penalties / strictures imposed on the Bank.
3. We confirm the compliance of the requirement of Corporate Governance Report of sub-paras (2) to (10) of Schedule V of SEBI Listing Regulations
4. All the Directors have disclosed that they have no relationship inter-se as on 31st March 2018.
5. The Bank has not traded in commodities during the F. Y. 2017-18 and hence the information on "Commodity price risks and commodity hedging activities" is NIL.
6. Familiarization programme for Independent Directors

   The details of the Familiarization Programme conducted for the Independent Director of the Bank are available on the Bank's website at https://www.bankofbaroda.co.in/writereaddata/Images/pdf/ListofDirectorAppointedForTrainingReg46-30102017.pdf
7. Whistle Blower Guidelines

   The details of the Whistle Blower Guidelines for the public based on Government of India Resolution on Public Interest Disclosure and Protection of Informer

https://www.bankofbaroda.co.in/writereaddata/Images/pdf/ListofDirectorAppointedForTrainingReg46-30102017.pdf पर उपलब्ध हैं.

इस संबंध में किसी भी कार्मिक को लेखापरीक्षा समिति एक्सेस से मना नहीं किया गया है.

8. **संबद्ध पार्टी संव्यवहारों एवं महत्वपूर्ण अनुषंगियों संबंधी पालिसी**

संबद्ध पार्टी संव्यवहारों एवं महत्वपूर्ण अनुषंगियों संबंधी पालिसी बैंक की वेबसाइट https://www.bankofbaroda.co.in/writereaddata/images/pdf/policies-codes/PolicyonRelatedPartTransactions_MaterialSubsidiaires.pdf पर उपलब्ध हैं.

## अनिवार्य एवं गैर-अनिवार्य आवश्यकताएँ

बैंक द्वारा सेबी (सूचीमय करार तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) के विनियमों, 2015 के तहत उपलब्ध कराई गई सभी लागू अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन किया गया है.

गैर अनिवार्य आवश्यकताओं के कार्यान्वयन का विवरण निम्नानुसार हैं-

(PIDPI) are available on the Bank's website at https://www.bankofbaroda.co.in/writereaddata/Images/pdf/ListofDirectorAppointedForTrainingReg46-30102017.pdf

No personnel has been denied access to the audit committee.

8. Policy on Related Party Transactions and Material Subsidiaries

The details of the Bank's Policy on Related Party Transactions and Material Subsidiaries are available on the Bank's website at https://www.bankofbaroda.co.in/writereaddata/images/pdf/policies-codes/PolicyonRelatedPartTransactions_MaterialSubsidiaires.pdf

## MANDATORY AND NON-MANDATORY REQUIREMENTS

The Bank has complied with all the applicable mandatory requirements as provided in SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

The extent of implementation of non-mandatory requirements is as under:

| क्र. स.<br>Sr. No. | गैर- अनिवार्य आवश्यकताएँ<br>Non-mandatory requirements | कार्यान्वयन की स्थिति<br>Status of Implementation |
|---|---|---|
| 1 | **बोर्ड**<br>सूचीबद्ध कम्पनी के खर्च पर अध्यक्ष का कार्यभार सम्भालने के लिए गैर कार्यपालक अध्यक्ष अधिकृत किए जा सकते हैं और उनकी ड्यूटी संबंधी खर्च की प्रतिपूर्ति की अनुमति दी जा सकती है.<br>**The Board**<br>A non-executive chairperson may be entitled to maintain a chairperson's office at the listed entity's expense and also allowed reimbursement of expenses incurred in performance of his duties. | **अनुपालन किया गया.**<br>भारत सरकार ने श्री रवि वेंकटेसन की नियुक्ति बोर्ड के गैर-कार्यपालक अध्यक्ष के रूप में दिनांक 14.08.2015 से की है.<br>भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुपालन किया गया.<br>**Complied with.**<br>The Government of India has appointed Shri Ravi Venkatesan as Non-Executive Chairman of the Board w.e.f.14.08.2015.<br>The guidelines issued by GOI are complied with. |
| 2 | **शेयरधारकों के अधिकार**<br>गत 6 माह के दौरान महत्वपूर्ण घटनाओं के सारांश सहित वित्तीय कार्यनिष्पादन की छमाही घोषणा प्रत्येक शेयरधारक को भेजी जाए.<br>**Shareholder Rights**<br>A half-yearly declaration of financial performance including summary of the significant events in last six-months, may be sent to each household of shareholders | **अनुपालन किया गया.**<br>30.09.2017, (वित्तीय वर्ष 2017-18) को समाप्त छमाही के लिए बैंक ने गत 6 माह के दौरान महत्वपूर्ण घटनाओं के सारांश सहित वित्तीय कार्य निष्पादन के छमाही परिणाम प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पत्र के साथ डाक / ई-मेल से प्रत्येक शेयरधारक को भेज दिये हैं , इसके अतिरिक्त बैंक के वित्तीय परिणाम बैंक की वेबसाईट पर प्रस्तुत किए गए हैं.<br>**Complied with.**<br>The Bank sent communication of MD & CEO along with the copy of half-yearly financial results for the half year ended 30.09.2017 (FY 2017-18) including summary of significant developments during last six months to each shareholder by post / e-mail. The financial results are also posted on Bank's website. |
| 3 | **लेखापरीक्षा अहर्ता**<br>कम्पनी को अयोग्य वित्तीय विवरणों की व्यवस्था को अपनाना चाहिए.<br>Audit Qualifications<br>Company may move towards a regime of unqualified financial statements. | बैंक की लेखापरीक्षा रिपोर्ट में इस संबंध में कोई अहर्ता नहीं है.<br>There is no qualification in Auditors report of the Bank. |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | **अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के अलग - अलग पद**<br>सूचीबद्ध कम्पनी अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पदों पर अलग-अलग व्यक्तियों को नियुक्त कर सकती है.<br>Separate posts of chairperson and chief executive officer<br>The listed entity may appoint separate persons to the post of chairperson and managing director or chief executive officer. | **अनुपालन किया गया.**<br>बैंक के निदेशक मंडल की सरंचना बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 के माध्यम से नियंत्रित की जाती है. भारत सरकार द्वारा दिनांक 14.08.2015 से श्री रवि वेंकटेसन को निदेशक मंडल के गैर कार्यकारी अध्यक्ष तथा दिनांक 13.10.2015 से श्री पी.एस. जयकुमार, प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (पूर्णकालिक निदेशक) के रूप में नियुक्त किया गया है.<br>**Complied with.**<br>The composition of the Board of Directors of the Bank is governed through “Banking Companies (Acquisition & Transfer of Undertakings) Act, 1970. The Government of India has appointed Shri Ravi Venkatesan as Non-Executive Chairman of the Board w.e.f.14.08.2015 and Shri P.S. Jayakumar as MD & CEO (Whole-time Director) w.e.f. 13.10.2015. |
| 5 | **आंतरिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्टिंग**<br>आंतरिक लेखा परीक्षक सीधे लेखापरीक्षा समिति को रिपोर्ट कर सकते हैं .<br>Reporting of Internal Auditor<br>The Internal Auditor may report directly to the Audit Committee. | बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति की संरचना एवं इसकी संदर्भ शर्तें सदैव विनियामकों अर्थात रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किये गए निर्देशों एवं परिपत्रों के माध्यम से नियमित की जाती है , जिनका बैंक अनुपालन करता है.<br>The composition & terms of reference of the Audit Committee of the Board inter-alia covering Internal Audit function is governed through the guidelines / circulars issued by the Regulator i.e. Reserve Bank of India, which the Bank complies with. |

कॉर्पोरेट गवर्नेंस की आवश्यकताओं के अनुपालन का प्रकटीकरण :

Disclosure of the compliance with Corporate Governance requirements

| नियम क्र. Regu No. | संक्षिप्त विवरण Title / Brief description | अनुपालन स्थिति Compliance Status |
|---|---|---|
| 17 | निदेशक मंडल<br>Board of Directors | बैंक ऑफ बड़ौदा के निदेशक मंडल का गठन और इसकी संदर्भ शर्तें बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 के अधीन है. यहाँ कम्पनी एक्ट 1956/2013 में किया गया संशोधन इस संबंध में लागू नहीं होता है. शेयरधारकों द्वारा निर्वाचित तीन निदेशकों के अतिरिक्त सभी निदेशकों की नियुक्ति / नामांकन, केंद्र सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 9(3) (आई) के अधीन केंद्र सरकार के मुताबिक किया जाता है. बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित है.<br>बोर्ड का अधिकांश समय व्यापार की रणनीति और निष्पादन, अनुपालन, गवर्नेंस एवं जोखिम प्रोफाइल पर चर्चा करने में व्यतीत होता है.<br>यह सुनिश्चित किया जाता है की बोर्ड की कार्यप्रणाली पारदर्शी एवं स्वतंत्र रहे.<br>**<u>बोर्ड का मूल्यांकन</u>**<br>कंपनी अधिनियम एवं सेबी सूचीयन विनियम के प्रावधानों के आवश्यकतानुरुप बोर्ड के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन किया जाना चाहिए. इसके लिए समिति एवं व्यक्तिक निदेशक को वार्षिक आधार पर मूल्यांकित किया जाता है.<br>वित्त वर्ष 2017 में बैंक ने बोर्ड, इसकी समितियों एवं व्यक्तिगत निदेशकों का विस्तृत मूल्यांकन करने के लिए सलाहकार फर्म को नियुक्त किया था. वित्तीय वर्ष 2017-18 में इसी सलाहकार फर्म द्वारा स्वतंत्र प्रशासनिक प्रश्नावली के माध्यम से विस्तृत मूल्यांकन किया गया था. सभी निदेशकों द्वारा इस प्रश्नावली को पूरा किया गया था.<br>इस प्रश्नावली में बोर्ड के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए कई विषयों को शामिल किया गया, इनमें निम्न शामिल थे:<br>The Composition & terms of reference of Board of Directors of Bank of Baroda is governed through "Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970" i.e. the Act, meaning thereby the provision of the Companies Act, 1956/2013 in this regard are Not Applicable. All the Directors, except 3 directors elected amongst the Shareholders' other than Central Government pursuant to Section 9(3)(i) of the Act, are appointed / Nominated by Government of India pursuant to the provisions under Section 9(3) of the Act. The Bank is regulated by Reserve Bank of India.<br>Major time of the Board discussions is spent on business strategy and execution, compliance, governance and risk profile of the Bank.<br>Transparency and independence in functioning of the Board is ensured.<br>**<u>Board Evaluation</u>**<br>The provisions of the Companies Act and the SEBI Listing Regulations require that the performance evaluation of the Board, the committees and individual directors is required to be carried out on an annual basis.<br>In FY 2017, the bank had engaged a consulting firm to carry out a detailed evaluation of the Board, its committees and individual directors. In FY 2017-18, this extensive evaluation was followed up by an independently administered questionnaire by the same consulting firm. The questionnaire was completed by all the directors.<br>The questionnaire included a range of topics to evaluate the performance of the Board. These included:- |

| नियम क्र. Regu No. | संक्षिप्त विवरण Title / Brief description | अनुपालन स्थिति Compliance Status |
|---|---|---|
| | | • संरचना एवं दक्षता<br>• गवर्नेंस<br>• प्रबंधन समितियों के साथ संबंध<br>• निरंतर सुधार<br>• Composition & Effectiveness<br>• Governance<br>• Relations with Management Committees<br>• Continuous Improvement<br>बोर्ड सदस्यों से प्राप्त उत्तर को सलाहकार फर्म द्वारा समेकित करके सभी बोर्ड निदेशकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया. निदेशकों ने रिपोर्ट पर चर्चा की तथा बोर्ड के प्रभावी कार्यनिष्पादन हेतु सुझाए गए सुधारों पर कार्रवाई करने पर सहमति जताई.<br>The responses received from the Board members were compiled and a report was submitted by the consulting firm to all Board Directors. The Directors discussed the Report and agreed on a set of actions to drive further improvement in Board effectiveness. |
| 18 | लेखा समिति<br>Audit Committee | बैंक ऑफ़ बड़ौदा के निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति के गठन एवं इसके संदर्भ की शर्तें भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशानुसार अधिशासित होती है, जिनका अनुपालन किया गया है.<br>The composition & terms of reference of the Audit Committee of the Board of Bank of Baroda is governed through RBI's directives / guidelines, which are complied with. |
| 19 | नामांकन एवं पारितोषिक समिति<br>Nomination and remuneration committee | बैंक में दो अलग-अलग समितियाँ, नामांकन समिति एवं पारिश्रमिक समिति है, जिनकी सरंचना एवं संदर्भ शर्तें क्रमशः भारत सरकार / भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार अधिशासित होती है.<br>The Bank has 2 separate committees namely Nomination Committee and Remuneration Committee, the composition and terms of reference of which are governed through RBI / GOI directives respectively. |
| 20 | हितधारक सम्बंध समिति<br>Stakeholders Relationship Committee | अनुपालन किया गया है.<br>Complied with |
| 21 | जोखिम प्रबंधन समिति<br>Risk Management Committee | अनुपालन किया गया है.<br>Complied with |
| 22 | सतर्कता प्रणाली<br>Vigil Mechanism | अनुपालन किया गया है.<br>Complied with |
| 23 | संबंधित पार्टी लेनदेन<br>Related party transactions | अनुपालन किया गया है.<br>Complied with |

| नियम क्र.<br>Regu No. | संक्षिप्त विवरण<br>Title / Brief description | अनुपालन स्थिति<br>Compliance Status |
|---|---|---|
| 24 | सूचीबद्ध इकाइयों की अनुषंगियों के लिए कॉर्पोरेट गवर्नेंस की आवश्यकता<br>Corporate governance requirements with respect to subsidiary of listed entity | अनुपालन किया गया है.<br>Complied with |
| 25 | स्वतंत्र निदेशकों के संबंध में दायित्व<br>Obligations with respect to independent directors | विनियम 17 के अनुसार- यथा उपर्युक्त<br>As per Regulation 17, as above. |
| 26 | निदेशक एवं वरिष्ठ प्रबंधन के संबंध में दायित्व<br>Obligations with respect to directors and senior management | अनुपालन किया गया है.<br>Complied with |
| 27 | अन्य कॉर्पोरेट गवर्नेंस आवश्यकताएं<br>Other corporate governance requirements | अनुपालन किया गया है.<br>Complied with |
| 46 (2) (बी) से (आई)<br>46 (2) (b)to(i) | वेबसाइट<br>Website | अनुपालन किया गया है.<br>Complied with |

प्रकटीकरण - दिनांक 09/05/2018 को गज़ट अधिसूचना में जारी सेबी (एलओडीआर) विनियम (संशोधित), 2018 के अनुरूप श्री उदय कोटक की अध्यक्षता में गठित कार्पोरेट गवर्नेस समिति के निर्दिष्ट संस्तुतियों का कार्यान्वयन.

- बैंक के अध्यक्ष एक गैर-कार्यपालक निदेशक है तथा कंपनी अधिनियम, 2013 में ''संबंधी'' शब्द की व्याख्या के अनुरूप प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी से उसका संबंध नहीं है.
- न्यूनतम छः निदेशकों की आवश्यकता के सापेक्ष में बैंक में 12 निदेशक हैं.
- जैसा कि शीर्ष 500 सूचीबद्ध संस्थाओं के लिए प्रस्तावित है, एक स्वतंत्र निदेशक के सापेक्ष में बैंक में पहले से ही दो स्वतंत्र महिला निदेशक हैं.
- हमारे बैंक के कोई पूर्णकालिक निदेशक / प्रबंध निदेशक तीन से अधिक सूचीबद्ध कंपनियों में स्वतंत्र निदेशक नहीं हैं.
- हमारे बैंक का कोई भी निदेशक आठ से अधिक सूचीबद्ध कंपनियों के निदेशक नहीं हैं.

Disclosure - Implementation of certain recommendations of the Committee on Corporate Governance under the Chairmanship of Shri Uday Kotak vide SEBI (LODR) Regulations (Amendment), 2018 issued vide Gazette Notification dated 09.05.2018

- Chairperson of the Bank is a Non-Executive Director and is not related to the Managing Director & CEO as per the definition of the term "relative" defined under the Companies Act, 2013.
- As against the requirement of minimum six directors, Bank is already having 12 Directors on Board.
- Bank has two women Independent Director on Board as against proposed One Independent Director for top 500 listed entities.
- No Whole Time Director / Managing Director of our Bank is serving as independent director in more than three listed entities.
- No Director of our Bank is having directorship in more than eight listed entities.

- नामांकन समिति की प्रत्येक बैठक में कम से कम दो निदेशकों की उपस्थिति के कोरम का अवश्य पालन किया जाता है.
- वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान नामांकन समिति की एक से अधिक बार बैठकें आयोजित की गई.
- हितधारक संबंधपरक समिति में तीन से अधिक निदेशक हैं जिनमें से कम से कम एक स्वतंत्र निदेशक हैं.
- बैंक यह सुनिश्चित करता है कि हितधारक संबंध समिति के अध्यक्ष बैंक की वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) में अवश्य उपस्थित रहे.
- वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान हमारे बैंक की हितधारक संबंधपरक समिति की बैठकें एक से अधिक बार आयोजित की गई.
- वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान हमारे बैंक की जोखिम प्रबंधन समिति की बैठकें एक से अधिक बार आयोजित की गई.
- मामले के महत्व का निर्धारण / सूचना एवं प्रकटीकरण प्रक्रियाओं के लिए हमारे बैंक के पास बोर्ड के द्वारा विधिवत अनुमोदित नीति है.
- हमारा बैंक वित्तीय वर्ष की समाप्ति से 5 माह के भीतर वार्षिक सामान्य बैठक आयोजित करना सुनिश्चित करता है.

## कॉर्पोरेट गवर्नेंस के तहत पर्यावरण संरक्षण - भारत सरकार की नवोन्मेषी पहल को समर्थन

(ए) भारत सरकार की पर्यावरण संरक्षण संबंधी पहल को समर्थन देने के लिए सभी शेयरधारकों से, जिनके पास शेयर भौतिक रूप में हैं, अनुरोध है कि वे अपना ई-मेल आईडी हमारे पास या हमारे रजिस्ट्रार के पास जिसका पता इस रिपोर्ट में अन्यत्र दिया गया है, के पास पंजीकृत करवा दें ताकि हम दस्तावेज, नोटिस, सम्प्रेषण, वार्षिक रिपोर्ट आदि ई-मेल के माध्यम से भेज सकें.

ऐसे शेयरधारकों से यह भी अनुरोध है कि वे भौतिक शेयरधारिता को डिमेट में रुपांतरित करवा लें ताकि हम उनके द्वारा धारित शेयरों के संबंध में उन्हें बेहतर सेवा, तथा संबंधित सुरक्षा दे सकें.

(बी) इसके अलावा वे शेयरधारक जिनके पास शेयर अभौतिक रूप में हैं और जिन्होंने अभी तक अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे उपर्युक्त प्रयोजन के लिए अपने ई-मेल आईडी सम्बन्धित डिपोजिटरी प्रतिभागी के पास पंजीकृत करवा दें.

## पारदर्शिता एवं अनुपालन अधिकारी

साथ ही, निम्नलिखित अतिरिक्त कार्यकलाप भी बैंक के कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रणाली के तहत अधिक से अधिक प्रकटीकरण के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शातें हैं.

- **पारदर्शिता अधिकारी**

  केंद्रीय सूचना आयुक्त (सीआईसी) के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने फरवरी 2011 से अपने एक वरिष्ठ अधिकारी को पारदर्शिता अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है. पारदर्शिता अधिकारी निम्नलिखित कार्यकलापों के लिए उत्तरदायी है.

  o सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) की धारा 4, जो सार्वजनिक प्राधिकरणों के दायित्व से संबंधित है, के क्रियान्वयन का निरीक्षण करना तथा इसकी प्रगति से उच्च प्रबंधन को अवगत कराना.

- The quorum for a meeting of the Nomination Committee is being maintained of at least two Directors.
- The Nomination Committee met more than once during FY2017-18.
- Stakeholders Relationship Committee is having more than three directors, with at least one being an independent director.
- Bank ensures that the Chairperson of the Stakeholders Relationship Committee is present at the Annual General Meeting (AGM) of the Bank.
- The Stakeholders Relationship Committee of our Bank met more than once during FY2017-18.
- The Risk Management Committee of our Bank met more than once during FY2017-18.
- Bank is having Policy for Determination of Materiality of Event/Information and Disclosure Practices duly approved by the Board.
- Bank ensures holding of Annual General Meeting within a period of five months from the date of closing of the financial year.

## GREEN INITIATIVE UNDER CORPORATE GOVERNANCE – A CALL TO SUPPORT GOI INITIATIVES

a. To support GOI's green initiatives, shareholders having shares in physical form are requested to register their e-mail ids with us or our Registrars, at the address given elsewhere in this report, to enable us to serve any document, notice, communication, annual reports etc. through e-mail.

Such shareholders are also requested to convert their physical holdings in Demat form to enable us to serve them better and provide enhanced security in respect of their holdings.

b. Further the shareholders holding shares in Demat form and not yet registered their email IDs are requested to register their e-mail ID with their respective Depository Participant to support GOI's green initiatives.

## TRANSPARENCY & COMPLIANCE OFFICER

Further, the following additional functions also enhance the Bank's commitment to more and more disclosures and compliance under the Corporate Governance mechanism of the Bank.

- **Transparency Officer**

  As per the directions of Central Information Commissioner (CIC), the Bank has appointed one of the Senior Officers as Transparency Officer since February 2011. The Transparency Officer is responsible for the following.

  o To oversee the implementation of the Section 4 of Right to Information (RTI) Act detailing with obligations of public authorities and to apprise the top management of its progress.

o सूचना का अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन की प्रगति के संबंध में सीआईसी के साथ इंटरफेस के रुप में कार्य करना.

o केंद्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ), मानद सीपीआईओ के आरटीआई अनुरोधों पर सकारात्मक एवं समयबद्ध कार्रवाई के लिए अनुकूल परिवेश तैयार करने में मदद करना.

o आरटीआई संबंधित सभी विषयों के लिए आम जनता के लिए संपर्क केंद्र के रुप में कार्य करना.

बैंक ने अपनी वेबसाइट पर निर्धारित प्रारुप में निर्देशित अनुसार समग्र जानकारी अपलोड की है तथा समय समय पर इस जानकारी को अद्यतन किया जाता है.

- **अनुपालन कार्यकलाप**

बैंक ने निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित अनुपालन नीति को अपनाया है जो बैंकों में अनुपालन कार्यकलापों पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों पर आधारित है तथा बैंक के अनुपालन सिद्धांत को रेखांकित करती है. यह नीति बैंक की अनुपालन संबंधी सभी गतिविधियों का मूल आधार है. बैंक में अनुपालन कार्यकलाप आंतरिक नियंत्रण और अनुपालन जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया सहित गवर्नेंस का ही एक आंतरिक भाग है जो बैंक में एक सुदृढ़ अनुपालन संस्कृति को बढ़ावा देता है.

अनुपालन कार्यकलाप विभिन्न अधिनियमों अर्थात् बैंकिंग विनियामक अधिनियम, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम तथा धनशोधन निवारक अधिनियम के सांविधिक प्रावधानों तथा विदेशों में स्थित अपनी शाखा / कार्यालय पर लागू होने वाले विभिन्न विनियामकों के विनियमों को लागू करना सुनिश्चित करता है. यह बीसीएसबीआई (भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड), आईबीए (भारतीय बैंक संघ), फेडाई (भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ) तथा फिम्डा (भारतीय नियत आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्नी संघ) द्वारा प्रस्तावित मानकों और संहिता का पालन भी सुनिश्चित करता है.

## कॉर्पोरेट गवर्नेंस रेटिंग

बैंक ऑफ़ बडौदा सार्वजनिक क्षेत्र का पहला ऐसा बैंक है जिसे रेटिंग एजेंसी, आईसीआरए लि. द्वारा बैंक की कार्पोरेट गवर्नेंस कार्य पद्धति को रेटिंग प्रदान की गई है. आईसीआरए ने सीजीआर 1 से सीजीआर 6 के मापदंड पर सीजीआर 2 (सीजीआर 2 के रुप में उच्चरित) की रेटिंग प्रदान की जहाँ सीजीआर 1 सर्वोच्च रेटिंग मानी जाती है पहली रेटिंग जूलाई 2004 में दी गई जिसे पुनः क्रमशः फरवरी 2006, सितंबर 2007, अप्रैल 2010, मार्च 2011, अप्रैल 2013, मार्च 2014, जून 2015, जून 2016 और सितंबर 2017 में भी प्रदान की गई और अभी भी लागू हैं. सीजीआर 2 रेटिंग से अभिप्राय है कि रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की राय में बैंक ने उन पद्धतियों , परंपराओं एवं संहिताओं को अपनाया है तथा उनका पालन कर रहा है जो बैंक के हितधारकों एवं जमाकर्ताओं को गुणवत्तापूर्ण कार्पोरेट गवर्नेंस का आश्वासन प्रदान करता है. यह रेटिंग बैंक की पारदर्शी स्वामित्व संरचना, सुव्यवस्थित कार्यपालक प्रबंधन पद्धतियों, बोर्ड एवं वरिष्ठ प्रबंधन की नियुक्तियों में पारदर्शिता, विस्तृत एवं परिष्कृत लेखा कार्यविधि, जो निरीक्षण प्रभाग तथा स्वतंत्र लेखा फर्मों द्वारा अपनाई जाती है, को दर्शाती है.

o To be the interface for the CIC regarding the progress in implementation of RTI Act.

o To help promote congenial conditions for positive and timely response to RTI requests by Central Public Information Officers (CPIOs), deemed-CPIOs.

o To be a contact point for the public in all RTI-related matters.

The Bank has uploaded all the information as directed in the specified format on its website and this information is updated from time to time.

- **Compliance Function**

The Bank has put in place a Board approved Compliance Policy outlining the compliance philosophy of the Bank based upon the directions of Reserve Bank of India on Compliance Function in Banks. The said Policy is the foundation on which all Compliance Function of the Bank is based. The compliance function in the Bank is an integral part of governance along with internal control and compliance risk management process supported by a healthy compliance culture in the Bank.

Compliance Function ensures observance of statutory provisions contained in various legislations viz. Banking Regulation Act, Reserve Bank of India Act, Foreign Exchange Management Act, Securities and Exchange Board of India Act and Prevention of Money Laundering Act and also the regulations of the various Regulators where the Bank is having its Offices / Branches in overseas centers. It also ensures Standards and Codes prescribed by BCSBI (Banking Codes and Standard Board of India, IBA (Indian Banks Association), FEDAI (Foreign Exchange Dealers Association of India), FIMMDA (Fixed Income Money Market and Derivatives Association of India).

## CORPORATE GOVERNANCE RATING

Bank of Baroda is the first Public Sector Bank having been assigned a rating to its Corporate Governance Practices by ICRA Limited. The ICRA had assigned the rating of 'CGR2' (pronounced as CGR 2) on a rating scale of CGR1 to CGR6 where CGR1 denotes the highest rating. First rating was assigned in July 2004, which has been reaffirmed in February 2006, September 2007, April 2010, March 2011, April 2013, March 2014, June 2015, June 2016 and September 2017 respectively and presently is in force. The CGR2 rating implies that in ICRA's current opinion, the Bank has adopted and follows such practices, convention and codes as would provide its financial stakeholders including the depositors, a high level of assurance on the quality of Corporate Governance. The rating reflects Bank's transparent ownership structure, well-defined executive management structure, satisfactory risk management practices, transparency in appointment and functioning of the Board and Senior Management and an elaborate audit function, carried out both by its Inspection Division and independent audit firms.

अनुबंध 1

## निदेशक मण्डल का गठन

### श्री रवि वेंकटेसन - अध्यक्ष (गैर-कार्यपालक)

(जन्म तारीख: 12 जनवरी, 1963)

श्री रवि वेंकटेसन को भारत सरकार द्वारा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(एच) के तहत अंशकालिक नोन-ऑफिसियल निदेशक के साथ-साथ गैर कार्यपालक अध्यक्ष के रुप में 14.08.2015 से 3 वर्षों की अवधि या आगामी आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए नियुक्त किया गया है.

उन्होंने आईआईटी बॉम्बे से बी.एस., पड्र्यू विश्वविद्यालय से एम.एस. और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए किया है, जहां वे बेकर स्कॉलर थे. उन्हें आईआईटी बॉम्बे से प्रतिष्ठित भूतपूर्व छात्र अवार्ड तथा पड्र्यू विश्वविद्यालय से प्रतिष्ठित इंजिनियरिंग भूतपूर्व छात्र अवार्ड प्रदान किया गया है. उनका थिंकर्स50 द्वारा भारत के श्रेष्ठ प्रबंधन विचारक के रूप में चयन किया गया है और वे हावर्ड बिज़नेस रिव्यू द्वारा प्रकाशित विख्यात पुस्तक ''कोंकरिंग दि केयोसः विन इन इंडिया, विन एवरीवेयर'' के लेखक हैं.

श्री रवि वेंकटेसन सोशल वेंचर पाटनर्स इंडिया के संस्थापक गैर कार्यपालक अध्यक्ष हैं, यह संस्था लोकहितैषियों का एक राष्ट्रीय नेटवर्क है जो सामाजिक समस्याओं को वेंचर फ्रीलांथ्रोपी के माध्यम से निवारण करता है. वे इम्पैक्ट इनवेस्टर यूनिटस सीड फंड के वेंचर पार्टनर भी हैं और रॉकफेलर फाउंडेशन एवं इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक मंडल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं. इससे पूर्व वे 2004 एवं 2011 वर्ष के दौरान माइक्रोसॉफ़्ट इंडिया के प्रबंध निदेशक थे और उन्होंने भारत में माइक्रोसॉफ्ट की विश्व की दूसरी सबसे बड़ी उपस्थिति बनाने में मदद की. माइक्रोसॉफ्ट से पहले वे पब्लिसिटी हेल्ड क्यूमिंस इंडिया के अध्यक्ष थे और उसके भारत के अग्रणी इंजिन एवं ऊर्जा सोल्यूशन आपूर्तिकर्ता में रुपांतरण का उन्होंने नेतृत्व किया.

### श्री पी एस जयकुमार- प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (कार्यपालक)

(जन्मतिथि - 8 अप्रैल 1962)

श्री पी. एस. जयकुमार को भारत सरकार द्वारा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(ए) के तहत पूर्णकालिक निदेशक के रुप में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर 13.10.2015 से 3 वर्षों की अवधि या अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए नियुक्त किया गया है.

वे शैक्षणिक योग्यता में सनदी लेखाकार हैं, साथ ही उन्होंने एक्सएलआरआई जमशेदपुर से बिजनेस मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी किया है. उन्हें लंदन स्कूल ऑफ इकॉनोमिक्स एण्ड पॉलिटिकल साईस के माध्यम से चेवनिंग गुरुकुल स्कॉलर होने का सम्मान भी प्राप्त हुआ है.

अक्तूबर, 2015 में बैंक ऑफ़ बड़ौदा में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का पदभार ग्रहण करने से पहले आप वीबीएचसी वैल्यू बजट हाउसिंग (वीबीएचसी), जो 2009 से 2015 तक अल्प एवं मध्यम आय वर्ग के लिए हाउसिंग में अग्रणी रहा है, के सह संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी थे. वे राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा नियंत्रित हाउसिंग फायनांस संस्था होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी (एचएफएफसी) के सह-संस्थापक तथा गैर कार्यपालक प्रवर्तक निदेशक भी थे, यह कंपनी बैंकिंग क्षेत्र से बंधक द्वारा ऋण लेने में असमर्थ रहे ग्राहकों का वित्तपोषण करने पर विशेष ध्यान देती है. श्री जयकुमार एक पेशेवर बैंकर हैं और 1986 में कॅरियर शुरुकरने के

ANNEXURE 1

## COMPOSITION OF THE BOARD

### Shri Ravi Venkatesan - Chairman (Non-Executive)

(DoB: 12th January, 1963)

Shri Ravi Venkatesan was appointed as a Part Time Non-Official Director as well as Non-Executive Chairman by the Central Government u/s 9(3)(h) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, w.e.f. 14.08.2015 for a period of 3 years or until further orders, whichever is earlier.

He is a BS from IIT Bombay, an MS from Purdue University, and an MBA from Harvard Business School where he was a Baker Scholar. He is recipient of the IIT Bombay's Distinguished Alumnus Award and Purdue University's Distinguished Engineering Alumnus Award. He was voted as one of India's best management thinkers by Thinkers50 and is the author of an acclaimed book "Conquering the Chaos: Win in India, Win Everywhere" published by Harvard Business Review.

Shri Ravi Venkatesan is the founder Non- Executive Chairman of Social Venture Partners India, a national network of philanthropists addressing social problems through venture philanthropy. He is also venture partner at impact investor Unitus Seed Fund and serves on the boards of Rockefeller Foundation and Infosys Ltd. Prior to this, he was the Chairman of Microsoft India between 2004 and 2011 and helped build India into Microsoft's second-largest presence in the world. Prior to Microsoft, he was the Chairman of publicly held Cummins India and led its transformation into India's leading provider of engines and power solutions.

### Shri P. S. Jayakumar - Managing Director & CEO (Executive)

(DoB: 8th April, 1962)

Shri P. S. Jayakumar was appointed as Whole Time Director designated as Managing Director & CEO by the Central Government u/s 9(3)(a) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, w.e.f. 13.10.2015 for a period of 3 years or until further orders, whichever is earlier.

He is a Chartered Accountant by qualification and additionally holds a Post Graduate Diploma in Business Management from XLRI Jamshedpur. He also has the distinction of being a Chevening Gurukool Scholar through the London School of Economics and Political Science.

Prior to his appointment as MD & CEO of Bank of Baroda in October 2015, he was the co-founder and CEO of VBHC Value Budget Housing (VBHC), a leader in housing for low and moderate income household from 2009 to 2015. He was also the co-founder and Non-Executive Promoter Director for Home First Finance Company (HFFC), a housing finance institution regulated by the NHB, focused on financing customers who are not able to access mortgage loans from the banking sector. Shri Jayakumar is a career banker having spent over 23 years in Citibank in India and Singapore starting in 1986. He has contributed to several

बाद भारत और सिंगापुर में सिटी बैंक में 23 वर्षों से अधिक समय तक कार्य किया है. आपने भारत में रिटेल बैंकिंग के क्षेत्र में अनेक नवोन्मेषी कार्यों की शुरुआत में योगदान दिया है. इसके अतिरिक्त आप 1991 में भारत में प्रथम आस्ति प्रतिभूतीकरण तथा 2006 में वित्तीय समावेशन से वंचित वर्ग के लिए प्रथम बहु-भाषी बायोमैट्रिक एटीएम स्थापित करने संबंधी प्रयासों से जुड़े रहे हैं. सिटी बैंक में उन्होंने ट्रेज़रर-उपभोक्ता बैंक, जमा एवं अग्रिम व्यवसाय को समावेश करते हुए व्यवसाय विकास प्रमुख, सिटी फिनांशियल लिमि. के प्रबंध निदेशक, एशिया पेसीफिक देशों (इंडोनेशिया, फिलिपींस, औस्ट्रेलिया, हॉंगकोंग एवं कोरिया) के लिए सिटी बैंक उपभोक्ता ऋण प्रमुख, प्रमुख-सिटी बैंक उपभोक्ता व्यवसाय तथा तुलनपत्र प्रबंधन प्रमुख-एशिया पेसिफिक जैसे वैविध्यपूर्ण कार्यकलापों को संभाला. उन्होंने भारत में सिटी बैंक की कई अनुषंगियों में निदेशक मंडल के सदस्य के रूप में भी सेवाएं दी हैं.

### श्री मयंक के. मेहता - कार्यपालक निदेशक

(जन्मतिथि - 12 सितंबर, 1958)

श्री मेहता की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(ए) के तहत पूर्णकालिक निदेशक (कार्यपालक निदेशक के पद पर) के रुप में 22.01.2016 से अधिवर्षिता पूरी करने की तारीख अर्थात् 30.09.2018 तक या अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, तब तक के लिये की गई है.

श्री मेहता ने दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त की और आप भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (सीएआईआईबी) के प्रमाणित एसोसिएट हैं.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा में कार्यपालक निदेशक के रुप में कार्यदायित्व संभालने से पूर्व आप यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया में महाप्रबंधक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के रुप में कार्यरत थे. श्री मेहता ने 1977 में यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया से अपने कैरियर की शुरुआत की और अक्टूबर, 2012 में महाप्रबंधक पद पर पहुंचे. उन्होंने यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया में महाप्रबंधक के रूप में पदोन्नति से पहले विभिन्न पदों पर व्यापक जिम्मेदारियों का निर्वाह किया. श्री मेहता, अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग के विशेषज्ञ हैं और आपने बैंक के प्रौद्योगिकीय विकास और बैंक में कोर बैंकिंग समाधान के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. वर्ष 2010-12 तक की अवधि के दौरान ये यूनियन केबीसी आस्ति प्रबन्धन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड और किटको लिमिटेड (पूर्व में केरल औद्योगिक एवं तकनीकी परामर्शी संगठन लिमि.) के निदेशक मंडल में निदेशक भी थे.

दिनांक 8 दिसंबर 2017 से आप मुख्यमंत्री सलाहकार समिति, महाराष्ट्र राज्य सरकार के सदस्य भी हैं.

### श्री अशोक कुमार गर्ग - कार्यपालक निदेशक

(जन्मतिथि : 14 जून, 1958)

श्री गर्ग की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(ए) के पूर्णकालिक निदेशक (कार्यपालक निदेशक के पद पर) के रुप में तहत 09.08.2016 से अपनी अधिवर्षिता पूरी करने की तारीख अर्थात् 30.06.2018 तक या अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, तब तक के लिए की गई है.

आपने दिल्ली विश्वविद्यालय से कानून में स्नातक डिग्री तथा वाणिज्य में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है. आप श्री राम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स (एसआरसीसी) के छात्र रहे हैं. आप भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान के प्रमाणित एसोसिएट (सीएआईआईबी) भी हैं.

श्री गर्ग अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अनुभवी बैंकर है जिन्होंने अपने 38 वर्षों की

innovations in retail banking in India. In addition, he was associated with the first asset securitisation in India in 1991 and the first multi-lingual biometric ATM for the financially excluded in 2006. He held diverse assignments at Citibank such as Treasurer - Consumer Bank, Business Development Head covering deposit and lending business, Managing Director for CitiFinancial Ltd, Managing Director and Head of Citibank Consumer Loan for Asia Pacific Countries (covering Indonesia, Philippines, Australia, Hong Kong and Korea), Country Head - Citibank Consumer Business and Head of Balance Sheet Management - Asia Pacific. He has also served as a Board Member in many of Citibank's subsidiaries in India.

### Shri Mayank K. Mehta – Executive Director

(DoB: 12th September, 1958)

Shri Mehta was appointed as a Whole Time Director (designated as Executive Director) w.e.f. 22.01.2016 by the Central Government u/s 9 (3) (a) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, to hold office up to 30.09.2018 i.e. the date of his superannuation or until further orders, whichever is earlier.

He holds a Bachelor's degree in Science from South Gujarat University and is a Certificated Associate of Indian Institute of Banking and Finance (CAIIB).

